चक्रवाती तूफान एवं बारिश से खेत में गिरी तैयार धान की फसल



कोरांव के खेत में गिरी धान की फसल।

कोरांव (प्रयागराज)। चक्रवाती तूफान और असमय बारिश ने गुरुवार रात में तहसील क्षेत्र कोरांव में जो तबाही मचाई,उसने स्थानीय अन्नदाताओं के अरमानों पर पानी फेर दिया। जहा पिछले दिनो हुई लगातार बरसात के कारण रोगग्रस्त हुई धान की फसल को किसानों ने दवा और उर्वरक के सहारे फिर खड़ा किया था,उसे एक झटके में तहस नहस कर दिया।अब जब किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाये हुए थे और अब कुछ दिनो बाद ही कटाई और मडाई की तैयारी चल रही थी उसे तूफान और गुरुवार रात भर हुई बारिश ने बर्बाद कर दिया। पकने के इन्तजार मे खेतो मे खड़ी धान की अधिकांश फसल लेटकर जमीन से चिपक गयी और उसके ऊपर अब पानी बहने लगा है। जानकारों का मानना है कि यदि जल्द धूप खिल भी गई तब भी गिरी हुई फसल में दानों की संख्या प्रभावित हो सकती है। वहीं पक चुकी धान की फसल अंकुरित होने के बाद सड़ भी सकती है। क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि और बेमौसम बारिश से धान के उत्पादन का बुरी तरह प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। पिछले वर्ष की खरीद मे तहसील के ३३ क्रय केंद्रो ने लगभग पांच लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीद की थी। इसके अलावा इससे कही अधिक खुले बाजारो मे किसानों ने औने पौने दामो पर तत्काल की जरूरत के हिसाब से बेचा था।

इस वर्ष किसानों के साथ-साथ शासन ने जहा अधिक पैदावार की उम्मीद पहले से बना रखी थी वहीं शासन पिछले वर्ष के केंद्रों की संख्या रखते हुए इस क्षेत्र से इस बार भी अधिक मात्रा में धान खरीद का टारगेट बनाकर चल रहा था जो गुरुवार की रात हुई अचानक बारिश ने धो दिया।

इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज के वैज्ञानिक धर्मेंद्र सिंह के अनुसार इस समय हुई असमय बरसात और अर्नव के प्रभाव से खरीफ और रबी दोनों फसले बर्बाद हुई हैं। उनके अनुसार जहा धान की फसल आने में देर होगी वही अगेती बोई जाने वाली दलहनी और तिलहनी फसलों पर आफत आ गयी है।

ट्रक चालक पर टक्कर मारकर जान से मारने के प्रयास का आरोप

औद्योगिक क्षेत्र थाने में एफआईआर दर्ज

नैनी (प्रयागराज)। औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत यूनाइटेड कालेज के सामने ट्रक चालक द्वारा कार सवार परिवार को जानबूझकर टक्कर मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित संघर्ष गौतम पुत्र विनोद कुमार निवासी औता, मेजा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार रात करीब ८.३२ बजे अपनी गाड़ी से प्रयागराज शहर से अपने परिवार जिसमें उनकी माता, पत्नी और दो महीने के बच्चे के साथ घर जा रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान औद्योगिक थाना क्षेत्र में यूनाइटेड कालेज के सामने ट्रक के चालक ने जानबूझकर उनकी गाड़ीको टक्कर मारनेका प्रयास किया। पीड़ित के अनुसार उस समय वह अपनी गाड़ी बहुत धीमी गति से चला रहे थे, जिससे उनकी और परिवारकी जानको गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया।

तहरीर में कहा गया है कि टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। कुछ ही मिनट बाद कुछ अज्ञात लोग अलग-अलग मोटरसाइकिल और कार से गलत इरादे से घटना स्थल पर आये, लेकिन पुलिस के पहुंचते ही वे भी भाग गये। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक मौके पर घात लगाकर खड़ा था और जान लेने की नीयत से टक्कर मारी। उन्हें आशंका है कि भविष्य में भी ट्रक मालिक और मौके पर आए अज्ञात लोगों द्वारा उनके परिवार के साथ कोई घटना करायी जा सकती है। तहरीर के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र थाने में ट्रक के मालिक और मौके पर आये अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

मेजामें विवाहितासे मारपीट, पति सहित १४ पर केस दर्ज

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा क्षेत्र में विवाहिता के साथ मारपीट और छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने पति सहित १४ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि ससुराल में महिला के साथ मारपीट की गयी। घटना की जानकारी मिलने पर समझौता कराने पहुंचे उसके पिता को भी आरोपितों ने पीट दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के मुताबिक, साधना पुत्री सभाजीत मूल रूप से तिसेन तुलापुर गांव की निवासी हैं। उनकी शादी अप्रैल २०२१ में छतवा गांव के प्रदीप कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि मंगलवार को पति प्रदीप कुमार, सास सरस्वती, देवर सूरज और ननद आंचल ने घर में उनके साथ मारपीट की। इस दौरान सास ने बाल पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। साधना का आरोप है कि वह जान बचाकर कमरे से बाहर भागने लगीं तो देवर सूरज ने उनका ब्लाउज खींच दिया, जिससे वह फट गया। इसके बाद वह किसी तरह वहां से भागकर झाड़ियों में छिप गयी। सुबह होने पर वह छतवा गांव में रहने वाली अपनी बहन के घर पहुंचीं और पूरी घटना बतायी। बहन ने मायके फोन कर साधना के पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता और अन्य रिश्तेदार मामले में समझौता कराने के लिए ससुराल पहुंचे। आरोप है कि सास ने अपने भाई दिल बहादुर उर्फ झुन्नू, भतीजे यश सहित आठ अन्य लोगों को पहले से बुला रखा था। वहां पहुंचते ही इन लोगों ने साधना के पिता के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें अंदरूनी और बाहरी चोटें आयी। मेजा इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति सहित १४ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

सड़क की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल, जिम्मेदारी मौन

बरगढ़ (चित्रकूट)। गाहुर मार्ग कई गांवों के साथ साथ मध्यप्रदेश के डाभौरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस सड़क मार्ग से ग्रामीणों विद्यार्थियों व अन्य हजारों की संख्या मे यात्रियों का गमनागमन होता है। ऐसे में सड़क की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है सड़क की स्थिति को लेकर आवाज उठाने वाले युवा नेता हरीशंकर शुक्ला ने संबंधित विभाग और जन प्रतिनिधियों से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है । उनका कहना है कि यदि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं हुआ है तो इसकी निष्पक्ष तकनीकी जाच कराकर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए सड़क की स्थिति को लेकर विरोध के बाद सामने आये कथित छिड़काव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि सड़क की वास्तविक कमियों को दूर करने के बजाय उन्हें ऊपर से छिपाने की कोशिश तो नहीं की जा रही है। इस संबंध में हरीशंकर शुक्ला ने सवाल उठाते हुए कहा कि सड़क की दरारों पर पाउडर डालने से क्या उसकी मजबूती बढ़ जायेगी यदि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप हुआ है, तो तकनीकी जांच से स्थिति स्पष्ट हो जानी चाहिए।

स्थानीय लोगों ने निष्पक्ष जाँच और स्थायी समाधान की मांग की है । स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग सड़क की तकनीकी जांच कराये निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और निर्धारित मानकों के अनुपालन की पड़ताल करे तथा आवश्यक होने पर दोषपूर्ण हिस्सों का मानक के अनुसार पुनर्निर्माण कराये साथ ही जांच में अनियमितता प्रमाणित होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कारवाई की जाये ।

किसानों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

शुआट्स में मिला वैज्ञानिक खेती का प्रशिक्षण



नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के प्रसार निदेशालय द्वारा बिहार के गोपालगंज जिले के ४० चयनित किसानों के लिए आत्मा योजना के तहत आयोजित तीन दिवसीय कृषक भ्रमण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. डा. रितु पी. दुबे उपस्थित रहीं। निदेशक प्रसार डा. प्रवीण चरण ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि २०५० तक देश में खाद्यान्न की मांग में बड़ी वृद्धि होने वाली है, ऐसे में कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली छोटे और सीमांत किसानों के लिए आर्थिक मजबूती का प्रभावी माध्यम है। किसानों को वैज्ञानिक पद्धति, जैविक खाद, जैव उर्वरकों और गोबर की खाद के उपयोग पर जोर देना चाहिए, ताकि लागत कम हो और मृदा स्वास्थ्य सुधरे। अध्यक्षता करते हुए निदेशक प्रसार डा. प्रवीण चरण ने कहा कि फसल उत्पादन, बागवानी, पशुपालन, मधुमक्खी पालन और सब्जी उत्पादन को एक साथ अपनाकर टिकाऊ और लाभकारी कृषि मॉडल विकसित किया जा सकता है। इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा और आय में स्थिरता आयेगी। उन्होंने वर्षा जल संचयन के महत्व पर भी प्रकाश डाला । तकनीकी सत्र में वैज्ञानिक डा. राम पाल सिंह ने पशुपालन पर चर्चा करते हुए संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, नियमित टीकाकरण और कृमिनाशक उपचार की सलाह दी। उन्होंने खुरपका-मुंहपका और गलाघोंटू जैसी बीमारियों से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन पर जोर दिया। वहीं प्रशिक्षण समन्वयक डा. टी. डी. मिश्रा ने आलू की वैज्ञानिक खेती के बारे में बताया। उन्होंने मध्य अक्टूबर से बुवाई शुरू करने, बीज शोधन के लिए डाइथेन एम-४५ के ०.२५ प्रतिशत घोल के उपयोग, कुफरी चंद्रमुखी, कुफरी बहार, कुफरी बादशाह, कुफरी सिंधुरी, कुफरी ज्योति, कुफरी चिप्सोना-१ और २ जैसी उन्नत किस्मों तथा मिट्टी चढ़ाने और कीट नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि और निदेशक प्रसार द्वारा सभी किसानों को प्रमाण-पत्र वितरित किये गये और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस दौरान संयुक्त निदेशक प्रसार डा. ए. के. चौरसिया, डा. शिशिर कुमार, डा. मनीष कुमार केसरवानी, डा. शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी और वैज्ञानिक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेसमें सेंट्रल एकेडमीके विद्यार्थियोंने लहराया परचम

चार विद्यार्थियों का प्रतियोगिता के दूसरे चरण के लिए हुआ चयन



झूंसी (प्रयागराज) राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में आवास विकास कॉलोनी योजना-३, सेक्टर-१ स्थित सेंट्रल एकेडमी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के छह विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिनमें से चार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रतियोगिता के दूसरे चरण में स्थान सुनिश्चित किया। चयनित विद्यार्थियों में विभोर पांडेय, आराध्या सिंह, रजत शर्मा और यशस्वी पाठक शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विषय की समझ, तार्किक क्षमता और नए विचारों के प्रति अपनी रुचि का परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह साबित किया कि उचित मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और मेहनत के बल पर विद्यार्थी विज्ञान के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका डॉ. सरिता पांडेय ने किया। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। चार विद्यार्थियों का अगले चरण के लिए चयन होना विद्यालय में विज्ञान शिक्षा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का सुखद परिणाम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारत सरकार के तत्वावधान में एलडीसी पब्लिक स्कूल, सोरांव में किया गया था। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, अनुसंधान की प्रवृत्ति, नवाचार और समस्याओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने की क्षमता विकसित करना है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक एस.के. तिवारी, प्रधानाचार्य ए.के. पांडेय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा प्रतियोगिता के अगले चरण में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा ने जिलाधिकारीसे मिलकर सौंपा ज्ञापन



बरगढ़ (चित्रकूट)। पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज बरगढ़ की मूलभूत समस्याओं को लेकर सह सयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा प्रकाश चन्द्र ने जिलाधिकारी से मिलकर समस्या के निराकरण की मांग की है। प्रकाश चन्द्र ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पीएम श्री राजकीय इण्टर कालेज बरगढ में प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत सुलभ शौचालय की व्यवस्था अपूर्ण है । पानी की टंकी एवं कनेक्शन नहीं है जिससे पेयजल की व्यवस्था खराब है । टिकरिंक लैब चार वर्षो से अपूर्ण निर्माणाधीन है एवं मल्टीपर्पज हालत में अपूर्ण है बच्चों की संख्या बिल्डिंग के मापदण्ड के आधार पर बहुत अधिक होने के कारण छात्र छात्राओं को पठन पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय की जमीन काफी मात्रा में है इसके उपरान्त बच्चों के खेलने के लिये स्टेडियम नहीं है । साथ ही विद्यालय कैम्पस में बने शिक्षक आवास जो बहुत ही जर्ज़र हालत में है आवास का मेन्टिनेन्स नहीं कराया जा रहा है। जबकि एच आर ए के माध्यम के तौर पर ६५० रू प्रतिमाह मेन्टिनेन्स चार्ज काटा जा रहा है। इस विद्यालय में पंद्रह सौ से अधिक छात्र छात्राओं की संख्या है । मानक के अनुसार विज्ञान वर्ग कलासंकाय के अध्यापक नहीं है पं० दीन दयाल राजकीय विद्यालय हर्दी कला में बच्चों की अपेक्षा अध्यापक अधिक है जो राजकीय इण्टर कालेज बरगढ़ में स्थानान्तरति किये जा सकते हैं । विद्यालय में विज्ञान वर्ग का प्रयोगात्मक सामान लगभग दो वर्षों से पड़े पड़े धूल फाक रहा है ।प्रयोगशाला भवन न होने से सामान के साथ-साथ बच्चों का भविष्य में अन्धकार में डूबता दिखाई पड़ा है यह विद्यालय पी.एम. श्री के तहत गोद लिया गया है विद्यालयमे विद्युत की समुचित व्यवस्था नहीं है साथ ही बाउण्ड्रीवाल भी बनाये जाने की विशेष आवश्यकता है।

वृक्षों, पर्वतों और नदियों में होता है भगवान का निवास- रामस्वरूपाचार्य

शबरी के प्रेम और कोल-भीलों की भक्ति का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



मेजारोड (प्रयागराज)। श्री सिद्ध हनुमान मानस मंदिर में चल रही रामकथा में गुरुवार देर रात कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने कहा कि भगवान का निवास वृक्षों, पर्वतों और नदियों में भी होता है। भगवान राम और माता सीता का मिलन महल में नहीं, बल्कि वृक्षों की लताओं की ओट में हुआ था। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई 'लता ओट तब सखिन लखाए' का उल्लेख करते हुए प्रकृति और प्रभु के संबंध को समझाया। उन्होंने कहा कि अनेक संतों को कामदगिरि और गोवर्धन पर्वत पर भगवान के दर्शन हुए हैं। महाराज ने अत्रि आश्रम का प्रसंग सुनाते हुए माता अनुसूइया के पतिव्रत धर्म की महिमा बतायी। उन्होंने कहा कि अनुसूइया जी ने अपने पतिव्रत के प्रभाव से ब्रह्मा, विष्णु और महेश को बालक बना दिया था।

उन्होंने चौपाई के माध्यम से नारी के पतिव्रत धर्म का वर्णन किया। जबलपुर से आईं कथा व्यास आस्था दुबे ने शबरी प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान जाति-पाति नहीं देखते, वे केवल प्रेम के भूखे हैं। गुरु मतंग ऋषि के वचन पर विश्वास कर शबरी ने वर्षों तक भगवान राम की प्रतीक्षा की। प्रभु के आगमन पर उन्हें प्रेमपूर्वक बेर अर्पित किये। इस प्रसंग को सुनकर पण्डाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं मानस-रत्न डा. पं. रामगोपाल तिवारी ने चित्रकूट में भगवान राम से कोल-भीलों की भेंट का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि कोल-भील वनवासी प्रेमपूर्वक कंद-मूल और फल लेकर प्रभु के पास पहुंचे। रामचरितमानस की चौपाई 'कंद मूल फल भरि भरि दोना, चले रंक जनु लूटन सोना' का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान धन के नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम और भाव के भूखे होते हैं।

भड़ेवरा गांव में धूमधाम से मनाया गया करवा चौथ

सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

रामपुर/ करछना (प्रयागराज)। अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु की कामना का प्रतीक करवा चौथ का पर्व गुरुवार को भड़ेवरा गांव में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स अवसर पर गांव की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही महिलाओं में सोलह श्रृंगार और पूजा-पाठ की तैयारियां देखी गईं। शाम होते ही महिलाओं ने एकत्र होकर करवा चौथ की कथा सुनी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। चंद्रोदय के बाद महिलाओं ने छलनी से चांद और फिर अपने पति का चेहरा देखा। इसके बाद पति के हाथों से जल ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा। इस दौरान पूरे गांव में खुशी और उल्लास का माहौल बना रहा।

दहेज के लिए हुई थी विवाहिता की हत्या, पति सहित पांच नामजद

भारतगंज (प्रयागराज)। बाइक और एक लाख रुपए नकद की मांग को लेकर विवाहिता को मारकर पंखे से लटकाने के आरोप में पति सहित पांच ससुरालियों के खिलाफ विवाहिता के पिता की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जनपद के पक्का पोखरा मोहल्ला निवासी बुद्धू चौहान पुत्र डंगर चौहान ने मांडा थाने में तहरीर दी कि उसने दो साल पहले अपनी बेटी सुनीता चौहान २५ वर्ष की शादी हिंदू रीति रिवाज से मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज चौकी अंतर्गत महुआरीखुर्द गांव निवासी सुजीत कुमार चौहान के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति सुजीत कुमार, सास कोकिला चौहान, ननद माला, देवर अमन व पति सुभाषचंद्र अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए नकद के लिए सुनीता को प्रताड़ित और परेशान करते थे। सुनीता ने मायके पक्ष के लोगों से दहेज उत्पीड़न की बात बतायी भी थी। गुरुवार को सुबह लगभग दस बजे पति सहित पांचों आरोपियों ने सुनीता को मारकर पंखे से लटका दिया। विवाहिता के पिता के तहरीर पर पांचों आरोपितों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। दर्ज मुकदमे की विवेचना एसीपी मेजा को सौंपी गयी है।

बारिश और हवा के कारण धान की फसल नष्ट, किसान परेशान

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ दो दिन से हवा और बारिश के कारण फाफामऊ आसपास किसानों को खेत खड़ी धान की फसल नष्ट हो गयी।

जिससे किसानों भारी नुसकान का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि दो दिन रात दिन बारिश और हवा के कारण किसानों खेत खड़ी फसल गिर जाने से किसानों भारी नुकसान उठना पड़ा। जहाँ किसान रात दिन मेहनत करके धान फसल तैयार किया । अब इस समय लगभग पककर तैयार हो गयी और किसान कटाई करने की तैयारी कर रहा था लेकिन दो दिन भारी बारिश और हवा के कारण पुरी फसल खेत में गिरकर बर्बाद हो गयी जिससे किसानों भारी मुस्कान उठाना पड़ रहा है । गोहरी गांव एक किसान शिवमुरत ने बताया की हमारी दो बीघा धान की फसल पककर तैयार थी और कटाई की तैयारी कर रहे थे लेकिन भारी बारिश हाने के कारण पूरी फसल खेत में गिर गयी। खराब हो गयी और खेत पानी घर जाने के कारण अब अंकुरित होने का खतरा बना हुआ है । वहीं बारी गांव अशोक यादव ने बताया हमारी एक बीधा धान तैयार थी और कटाई करके खेत छोड़ दिये थे । बारिश के कारण खेत पानी भर जाने पुरी फसल पानी में डूब गयी है और यही धान बेचकर आलू की बीज खरीद आलू बोआई करते थे लेकिन फसल खराब होने कारण इस बार आलू बोआई नही हो पायेगी।

शुआट्स के प्रोफेसर डा. हैरिसन मसीह को अमेरिका में शोध पत्र प्रस्तुत करने का आमंत्रण

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के औद्योगिक सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग, जैब्स के प्रोफेसर डा. हैरिसन मसीह को अमेरिका में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया है। डा. मसीह को अमेरिकन एसोसिएशन फार एयरोसोल रिसर्च (एएएआर) के ४४वें वार्षिक सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रण मिला है। यह सम्मेलन २६ अक्टूबर से ३० अक्टूबर २०२६ तक पासाडेना कन्वेंशन सेंटर, पासाडेना, कैलिफोर्निया, अमेरिका में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन के बायोएयरोसोल अनुभाग में डॉ. मसीह 'प्रयागराज, भारत में मुर्गियों के पंखों से पृथक किये गये बहु-औषधि प्रतिरोधी जीवाणुओं का लक्षण-वर्णन' विषय पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे। डा. मसीह ने अध्ययन के लिए सुविधाएं एवं सहयोग प्रदान करने के लिए औद्योगिक सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग, शुआट्स के प्रति आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि एएएआर एयरोसोल अनुसंधान के क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों और इंजीनियरों का एक गैर-लाभकारी संगठन है। इस वर्ष सम्मेलन में ८०० से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। सम्मेलन का नेतृत्व कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, रिवरसाइड के पर्यावरण विज्ञान विभाग के कॉन्फ्रेंस चेयरमैन कर रहे हैं।

शिवम् द्विवेदी बने भारतीय सद्भावना मंच युवा प्रकोष्ठ के प्रयागराज मंडल अध्यक्ष

घूरपुर (प्रयागराज)। भारतीय सद्भावना मंच, युवा प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश द्वारा शिवम् द्विवेदी को प्रयागराज मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें यह दायित्व तत्काल प्रभाव से प्रदान किया गया है। उनके मनोनयन से समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। संगठन को उम्मीद है कि शिवम् द्विवेदी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उनके नेतृत्व में प्रयागराज मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं को सामाजिक एकता, सद्भावना, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शिवम् द्विवेदी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए,विराट द्विवेदी, सुमित द्विवेदी, शुभम सिंह, अनुराग यादव,मनोज दुबे, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उनके मनोनयन को युवाओं की सक्रिय भागीदारी और सामाजिक कार्योंको आगे बढ़ाने की दिशामें महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जयंती महोत्सव में भगवान शिव के तांडव नृत्य की झांकी ने मोहा मन

भागवत चरित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ और श्री रासलीला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हुआ संकीर्तन भवन



झूंसी (प्रयागराज) व्यासावतार अनंतश्री विभूषित श्री प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जी महाराज की पावन जयंती के उपलक्ष्य में श्री संकीर्तन भवन धार्मिक न्यास (ट्रस्ट) की ओर से आयोजित सप्त दिवसीय जयंती महोत्सव के छठवें दिवस भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीमद्भागवत चरित्र सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं सप्त दिवसीय श्री रासलीला के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरा आयोजन स्थल भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति, हरिनाम संकीर्तन और सनातन संस्कृति की दिव्य छटा से सराबोर रहा।

पूज्य ब्रह्मचारी जी महाराज के अनन्य कृपापात्र स्वामी दयानंद जी महाराज की अध्यक्षता तथा ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा के निर्देशन में चल रहे इस जयंती महोत्सव में प्रथम पाली में श्री गणेश जी व्यास के नेतृत्व में २१ आचार्यों द्वारा सस्वर एवं संगीतमय भागवत चरित्र का पाठ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथाओं और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान की लीलाओं और उनके दिव्य चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। वहीं, द्वितीय पाली में भगवान की दिव्य लीलाओं और भक्तिरस से ओतप्रोत श्री रासलीला का मनोहारी मंचन हुआ। इस दौरान स्वामी अर्जुन मिश्रा जी के निर्देशन में भगवान शिव के तांडव नृत्य की भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परमानंद जी ने अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से भगवान शिव के रौद्र एवं दिव्य स्वरूप की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। तांडव की लय, भाव-भंगिमाओं और संगीत के अद्भुत समन्वय ने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। श्रद्धालु देर तक इस दिव्य प्रस्तुति का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वामी दयानंद महाराज, ट्रस्ट की मंत्री रजनी मेहरोत्रा, डा. सियाराम त्रिपाठी, आचार्य संतोष, बारू राम शर्मा एवं डा. विद्याधर द्विवेदी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम भगवान की आरती उतारी और विश्व कल्याण की मंगलकामना की। इस अवसर पर रामबदन द्विवेदी, पंडित विष्णु द्विवेदी, अधिवक्ता लक्ष्मण त्रिपाठी, रमन शर्मा, सुनीता, दीपक जोशी, रामजी त्रिपाठी, प्रीतम मिश्रा, भरत त्रिपाठी, सौरभ, आदित्य, हरिओम, सत्येंद्र, उमेश पांडेय, रेखा खरे, बबीता त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने भगवान की दिव्य लीलाओं का दर्शन कर भक्ति रस का आनंद लिया।

सत्संग का प्रभाव, चेतना और विवेक का पर्याय है- विनोदानन्द

जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन लोक कलाकारों ने बांधा समां



करछना (प्रयागराज)। क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृज मंगल सिंह इंटर कालेज में आयोजित २८वें जमुनापार महोत्सव के दूसरे दिन मंच पर पहुंचे रामकथा प्रवाचकों ने मानस ज्ञान गंगा प्रवाहित कर श्रोताओं मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान, बिनु सत्संग विवेक न होई, जैसी चौपाइयों की मार्मिक व्याख्या करते हुए कथा वाचक स्वामी विनोदानन्द सरस्वती ने कहा कि मनुष्य में यही सत्संग का प्रभाव सत्यभाव का निरुपण करते हुए चेतना और विवेक का पर्याय बन जाता है। मिर्जापुर से पधारे आचार्य पंकज महाराज ने भरत महिमा का बखान कर भक्तगणों को भाव विभोर कर दिया। इसके पूर्व लोकरंग कार्यक्रम में जमुनापार के लोक कलाकारों ने पारम्परिक लोकगीतों की प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। बबलू दीवाना, अशोक कुशवाहा, रणजीत, रामानन्द और पवन प्रेमी ने सोहर, दादरा , नकटा, घाटोगीत पर खूब तालियां बटोरी। वहीं मोनू मस्ताना, गजराज सिंह, भोला सिंह दीवाना, शनि विश्वकर्मा, रंजीत और इन्द्रजीत यादव ने कजरी , खेमका, मुंडन गीतों पर खूब समां बांधी। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया। मंच का संचालन डा.के.के.त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर डा.दिनेश सोनी, रामबाबू यादव पंचमलाल यादव, कमलेश यादव, विश्वेष ओझा, राजनारायण जौहरी, हनुमान, कल्लू प्रधान, रमेश तिवारी, राजकुमार विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३६६)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाषः २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।